हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025

04 मतदान केन्द्र 313 और 314 की सूची हुई जारी



08 विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का कार्य हम ...






## खबर संक्षेप

### 26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस


**सीहोर।** प्रदेश में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती एवं राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गणित पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, कोलाज, क्विज़ एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा डुंगला, उज्जैन में स्थापित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला मे आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबोधन दिया गया।

### करणी सेना से किए गए उपद्रव के विरोध में दोपहर 2 बजे तक बंद रहा आष्टा का बाजार

# पथराव मामले में उपद्रवियों की पहचान शुरू, फुटेज से चार आरोपी गिरफ्तार, करणी सेना ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन





सर्व हिंदू समाज के अल्टीमेटम के बाद पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को किया चिन्हित।






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा के अलीपुर और पार्वती थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए उपद्रव और पथराव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सर्व हिंदू समाज द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बीच पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को चिन्हित किया है। अब तक पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

बता दें रविवार रात करीब 9.30 बजे अलीपुर क्षेत्र में करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हुए हमले और वाहनों में तोडफ़ोड़ की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीमों ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक अकील अहमद, अलीम उद्दीन, फिरोज उद्दीन और मुजफ्फर उद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है।

#### दोपहर 2 बजे तक बंद रहा बाजार

उपद्रव के विरोध में मंगलवार को आष्टा के व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर के आह्वान पर दोपहर 2 बजे तक बाजार पूरी तरह बंद रहे। प्रशासन ने शहर की स्थिति को देखते हुए आष्टा और पार्वती थाना क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस का सख्त पहरा है और पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पाबंदी है।

#### सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर

प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट किया है कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर भ्रामक या भडक़ाऊ पोस्ट साझा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साइबर सेल हर गतिविधि पर नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ धारा 163 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

#### 48 घंटे के अल्टीमेटम का असर

सोमवार को सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तारी की शुरुआत के बाद पुलिस का कहना है कि बाकी बचे उपद्रवियों को भी जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पुलिस ने लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

#### करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष का अल्टीमेटम, 24 घंटे में बुलडोजर चलाने की मांग

करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सोमवार को ही हम प्रशासन को ज्ञापन दे चुके है जिसमें 48 घंटे का समय दिया गया था । इसमें से 24 घंटे का समय बीत चुका है और यदि इन 24 घंटों में आरोपियों पर बुलडोजर की कार्यवाही नहीं होती है तो करणी सेना हाइवे जाम करेगी। और हम चार आरोपियों की गिरफ्तारी से सन्तुष्ट नहीं हैं क्योंकि सरकार हिंदुओं की है हिंदुओं पर ही अत्याचार हो रहा है तो शंका पैदा करती है और इसमें प्रशासन की बड़ी चूक है जब प्रशासन को मालूम था कि करणी सेना का 21 तारीख को इतना बड़ा मूवमेंट है तो फिर जितने भी रूट संवेदनशील रूट थे वह प्रशासन को अलर्ट रहना था।

# तेज रफ्तार बस पुलिया की रैलिंग से टकराई, 32 यात्री घायल

### हरदा से भोपाल जा रही थी चौहान ट्रेवल्स की बस, तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रेहटी थाना अंतर्गत मंगलवार को हरदा से भोपाल जा रही चौहान ट्रेवल्स की एक तेज रफ्तार बस सलकनपुर नहर तिराहे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चौहान ट्रेवल्स की बस पुलिया की रैलिंग से टकराकर अटक गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

हालांकि इस हादसे में एक बाइक सवार सहित कुल 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 16 घायलों को भोपाल रेफर किया गया है, इनमें से दो की हालत चिंताजनक बनी है। एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार चौहान ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 04 पीए 2877 लगभग 45 यात्रियों को लेकर हरदा से भोपाल की ओर जा रही थी। दोपहर में जैसे ही बस सलकनपुर नहर तिराहे के पास पहुंची, चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। रफ्तार इतनी तेज थी कि बस सीधे नहर की पुलिया की रैलिंग को तोड़ते हुए वहां जा फंसी। गनीमत रही कि रैलिंग ने बस को रोक लिया, वरना बस सीधे नहर में समा सकती थी, जिससे भारी जनहानि होने की आशंका थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार भी बस की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने साहस दिखाते हुए बस के कांच तोडक़र और गेट के रास्ते यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया।

#### 32 घायल, मची अफरा तफरी

हादसे में कुल 32 यात्रियों को चोटें आई हैं। घटना के तत्काल बाद कुछ यात्री अपने निजी साधनों और एम्बुलेंस की मदद से रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। घायलों में 16 की हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया, जिनमें दो यात्रियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। शेष घायलों का उपचार रेहटी में जारी है। दुर्घटना की खबर मिलते ही रेहटी थाना पुलिस और एसडीओपी रवि शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सडक़ किनारे करवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

#### हादसे में यह हुए घायल

हादसे में 32 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें 16 की हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। रेफर किए जाने वाले यात्रियों में हरिदास आ. जमना प्रसाद, रामप्रसाद, किरण आ. शैलेंद्र, माधव सिंह आ. रामसिंह, राकेश आ. रामस्वरूप, राधिका आ. राजकुमार, दीपिका/योगेश, उर्वशी, राज, रुपाली यादव, रोहन मेहरा, मोहन कुशवाह, विशाल, पवन, मोहन सेन, कुमकुम हेमराज शामिल हैं। जबकि योगेश आ. ओमप्रकाश, स्वाति आ. पवन, किरण वर्मा/राकेश वर्मा, आर्यन, रमेश कुशवाह, अंकित, रिश्हान, आयुषी, सईद, शाहीधनबीच, किरण सिंह भाटी, भंवर कुशवाह, राजू अरविंद, माया गौर, आयुषी आ. जयनारायण, करण कुशवाह/ओमप्रकाश, बलराम, करण सिंह को रेहटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कलेक्ट्रेट परिसर की जनसुनवाई में आए पति-पत्नी के बीच विवाद, जमकर चले लात-घूंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्ट्रेट कार्यालय जहां आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचती है, मंगलवार को अचानक अखाड़े में तब्दील हो गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एक पारिवारिक विवाद इस कदर बड़ा कि कलेक्ट्रेट परिसर में ही दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। मारपीट का यह तमाशा काफी देर तक चलता रहा, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने परिजनों के साथ जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंची थी। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसे और उसके दो बच्चों को छोड़ दिया है और बिना तलाक दिए दूसरी महिला से शादी कर ली है। महिला का कहना है कि पति अब दूसरी महिला के साथ रह रहा है, जिससे वह और उसके बच्चे बेहद परेशान हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में पति और पत्नी दोनों ही अपने-अपने परिजनों के साथ मौजूद थे। घटना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान हुई। अधिकारियों के सामने जैसे ही पति ने अपनी बात रखनी शुरू की, पत्नी और उसके परिजन नाराज हो गए। पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि किस तरह दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और खींचतान हो रही है।

#### पुलिस जवानों ने संभाला मोर्चा

अचानक हुई इस मारपीट से वहां मौजूद अन्य लोगों में हडक़ंप मच गया। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर तैनात पुलिस के जवान और होमगाड्र्स ने तुरंत हस्तक्षेप किया। सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को बीच-बचाव करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जवानों ने मारपीट कर रहे लोगों को एक-दूसरे से अलग किया और मामला शांत कराया।

#### आवेदकों ने लगाई गुहार

हंगामे के बीच जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जनसुनवाई की कमान संभाली। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को जनसुनवाई में जिलेभर से करीब 60 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई संपन्न हुई। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी झगड़े, रास्ता-मेढ़ विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता और मुआवजा से जुड़े मामले शामिल रहे।

### विधायक सुदेश राय के तीखे तेवर, सड़क पर निकले सरिए देख भड़के

# निर्माण एजेंसी को दी 24 घंटे की मोहलत, तत्काल हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जनहित के मुद्दों और विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विधायक सुदेश राय एक बार फिर सख्त तेवर में नजर आए। क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जब विधायक हीरापुर-पारूआ मार्ग से गुजर रहे थे, तो पुराने पुल और सडक़ की जर्जर हालत और वहां निकले हुए जानलेवा सरियों को देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया।

निर्माण एजेंसी की इस बड़ी लापरवाही पर विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। सडक़ के बीचों-बीच निकले हुए लोहे के सरियों को देख विधायक सुदेश राय ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से दो टूक शब्दों में कहा सडक़ पर यह सरिए बिल्कुल नहीं दिखना चाहिए। कोई बड़ा एक्सीडेंट हो जाए, क्या इसका इंतजार कर रहे हो। मुझे कल तक यह काम पूरा चाहिए, मैं कल फिर वापस आऊंगा। विधायक ने कहा यदि कोई तकलीफ है या किसी वरिष्ठ अधिकारी से बात करनी है तो बताओ। विधायक के तेवरों का असर यह रहा कि जिस मरम्मत कार्य को लेकर निर्माण एजेंसी महीनों से सुस्त पड़ी थी, वह तुरंत ही हरकत में आ गई। विधायक जब अंचल से लौटकर आए तो नजारा बदला हुआ था, मौके पर मजदूर लगे हुए थे और जर्जर पुल व सडक़ की मरम्मत का कार्य चलता नजर आया।

#### लोग बोले- विधायक हो तो ऐसे

क्षेत्र के हीरापुर और पारूआ के ग्रामीणों ने जब विधायक को दोबारा काम का जायजा लेते देखा तो वे उनकी कार्यप्रणाली के कायल हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक़ पर निकले सरिए लंबे समय से हादसों को न्यौता दे रहे थे, लेकिन विधायक जी की सख्ती के कारण महज तुरंत ही काम शुरू हो गया। लोगों ने कहा जनप्रतिनिधि की ऐसी सक्रियता होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे पुल और सडक़ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पुराने मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता पर है ताकि आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए।

# सावधान: धन की आढ़ में किया जा रहा धर्मांतरण: मोहितराम पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देवीपुरा बैरसिया पुल और हीरापुर के पास सड़क निर्माण कार्य का विधायक सुदेश राय ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्य और पुल मरममत कार्य को विधायक सुदेश राय ने प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। तत्पश्चात विधायक सुदेश राय ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सड़कों से जुड़े मुद्दों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्द्रेश देते हुए कहा कि जिन पुलों पर बनी सड़कों से तार बाहर निकल रहे है वह जानलेवा है दुर्घटनाऐं हो सकती है विधायक राय के निर्देश पर उन्हें तुरंत अधिकारियों ने दुरुस्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि उक्त मार्ग पर सड़क सुधार का कार्य निरंतर जारी है। जल्द ही कार्य पूर्ण कर यातायात को सुचारू किया जाएगा। पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों राहगीरों को हो रही परेशानी से बड़ी राहत मिल गई। विधायक सुदेश राय ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



### सीआईएसएफ की ट्रेनिंग पूर्ण कर लौटे चन्द्रवंशी का नगर में हुआ स्वागत

**भौंरासा।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल CISF (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ) में प्रशिक्षण पूर्ण करके ग्राम मिर्जापुर निवासी राजेश चंद्रवंशी के पुत्र योगेश चंद्रवंशी का प्रथम बार नगर भौरासा व ग्राम मिर्जापुर में आगमन पर ग्रामीणो केद्वारा भव्य स्वागत किया गया। योगेश चंद्रवंशी का भौंरासा मे स्थित चोपड़े से एक जुलूस निकाला गया जिसका नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, अर्जुन सिंह गुर्जर,अबरार गांधी,भौरासा मिर्जापुर के नेतृत्व में कमल पटेल, ईश्वर गुर्जर, अरविंद गुर्जर, सुनील गुर्जर, विशाल गुर्जर, नारायण सिंह गुर्जर ,अरविंद जलवाया , रमेश चौहान, मनोहर मालवीय आदि लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

### निगम ने की चालानी कार्रवाई

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में शहर की सफाई व्यवस्था में बाधक बन रहे लोगों पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा चालानी कार्रवाई की जाकर अर्थदण्ड भी वसूला गया। इसी कडी मे सुपर मार्केट स्थित मेघा साडी सेन्टर द्वारा 2 बडे बोरो अपने प्रतिष्ठान से सार्वजनकि स्थान पर फेंकने हेतु ले जाए जा रहे थे, जिसको निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार के द्वारा स्वच्छता निरीक्षक विजय सांगते के साथ मौके पर ही पकडा गया। अपने प्रतिष्ठान का कचरा सार्वजनिक स्थल पर फैंकने पर मेघा साडी सेन्टर पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

#### तहसील में स्वच्छता अभियान की खुली पोल, अवैध शराब से बिगड़ा माहौल

# हालात: स्लोगन दीवारों पर, गंदगी गांव की सड़कों व पंचायत के मुख्य गेट पर

हालात यह हैं कि गांवों के मुख्य प्रवेश द्वारों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक कूड़े-कचरे के ढेर, बदबू और मच्छरों का प्रकोप आम हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




भैरुंदा तहसील क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे सरकारी दावे ज़मीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। गांव-गांव में दीवारों पर "स्वच्छता ही सेवा है" और "गंदगी जानलेवा है" जैसे आकर्षक स्लोगन जरूर लिखे हुए हैं, लेकिन उन्हीं गांवों की सड़कों, चौक-चौराहों और पंचायत के मुख्य गेट पर फैली गंदगी इन नारों की सच्चाई उजागर कर रही है। हालात यह हैं कि गांवों के मुख्य प्रवेश द्वारों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक कूड़े-कचरे के ढेर, बदबू और मच्छरों का प्रकोप आम हो गया है। इसका सीधा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

तहसील क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में यह स्थिति कोई नई नहीं है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूकता फैलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन पंचायत स्तर पर सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी और जवाबदेही का अभाव साफ दिखाई देता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव द्वारा नियमित सफाई, कचरा संग्रहण और निस्तारण की जिम्मेदारी गंभीरता से नहीं निभाई जा रही, जिससे स्वच्छता अभियान केवल फाइलों और दीवारों तक सीमित रह गया है।

### ग्राम पंचायत बनी लापरवाही की मिसाल

भैरुंदा तहसील की ग्राम पंचायत रीठवाड़ में स्वच्छता अभियान की पोल सबसे ज्यादा खुलकर सामने आई है। पंचायत भवन की दीवारों पर स्वच्छता के संदेश चमकते नजर आते हैं, लेकिन उसी पंचायत के मुख्य गेट और उप स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाले रास्ते पर गंदगी फैली हुई है। जगह-जगह कचरे के ढेर, प्लास्टिक और गंदा पानी जमा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी रास्ते से गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और बुजुर्ग इलाज के लिए मजबूरी में गुजरते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना रहता है। उप स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने का रास्ता ही अस्वच्छ हो, तो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।






### अवैध शराब से बिगड़ रहा वातावरण

स्वच्छता की अनदेखी के साथ-साथ गांवों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री ने सामाजिक माहौल को और अधिक दूषित कर दिया है। रीठवाड़ सहित आसपास के गांवों में चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और पंचायत के पास बने प्रतीक्षालयों में शराब पीने के बाद फेंकी गई बोतलें और क्वार्टर आमतौर पर देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध शराब का कारोबार बेखौफ चल रहा है, जिसका सीधा असर बच्चों, युवाओं और महिलाओं पर पड़ रहा है। शराबखोरी के चलते गांवों में झगड़े, अशांति और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को पूरी स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। पंचायत कार्यालय के सामने ही गंदगी का अंबार लगा होना इस बात का प्रमाण है कि स्वच्छता व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं है। अवैध शराब के मामलों में भी संबंधित विभागों की चुप्पी सवालों के घेरे में है।

### प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग

ग्रामीणों ने जनपद पंचायत और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, उप स्वास्थ्य केंद्रों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास की गंदगी तत्काल हटाई जाए, अवैध शराब बिक्री पर कठोर कार्रवाई की जाए और लापरवाह अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय की जाए। उनका कहना हैं कि यदि जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो स्वच्छता अभियान और सामाजिक सुधार केवल नारों तक सीमित रह जाएंगे और इसके गंभीर दुष्परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने पड़ेंगे।

### जपं सीईओ ने नहीं दी जानकारी

इस संबंध में जब जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने मीटिंग का हवाला देते हुए फोन काट दिया।

# मतदान केन्द्र 313 और 314 की सूची हुई जारी

**मृत-स्थानांतरित नामों पर नजर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया। इसके तहत ग्राम सेमलपानी (कदीम) के मतदान केन्द्र क्रमांक 313 एवं 314 की मतदाता सूची सार्वजनिक की गई, जिसमें मृत, स्थानांतरित एवं वर्तमान मतदाताओं से संबंधित आंकड़े सामने आए हैं। मतदान केन्द्र 313 : 924 मतदाता दर्जप्रारूप सूची के अनुसार मतदान केन्द्र 313 में कुल 924 मतदाता दर्ज पाए गए। इनमें 03मृत मतदाता, 05 स्थानांतरित मतदाता, 1 वर्तमान मतदाता, 110 सूची जारी होते ही स्थानीय नागरिकों द्वारा आंकड़ों की शुद्धता का गहन अवलोकन शुरू कर दिया गया है। मतदान केन्द्र 314 : 762 में से 750 वर्तमान मतदातामतदान केन्द्र क्रमांक 314 में कुल 762 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें मृत मतदाता 05, स्थानांतरित मतदाता 06, वर्तमान मतदाता 750, सूची में मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई है। अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ प्रकाशनसूची प्रकाशन के दौरान संबंधित बीएलओ, सुपरवाइज़र, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य सहयोगी कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह प्रारूप सूची है, जिस पर आम नागरिक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।दावा-आपत्ति का खुला अवसरनिर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाताओं से अपील की गई है कि वे सूची का अवलोकन कर मृत व्यक्ति का नाम दर्ज होने, स्थानांतरित मतदाता का नाम शामिल होने, या योग्य मतदाता का नाम सूची में न होने, जैसी त्रुटियों की स्थिति में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करें।

### उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां समारोह का आयोजन 8 और 9 को

**देवास।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक 8 एवं 9 जनवरी 2026 को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए परियोजना अधिकारी जिला शहरी अभिकरण देवास स्मिता रावल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ₹उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां₹ समारोह में 08 जनवरी को प्रशांत मोघे इन्दौर द्वारा गायन, रूचा बेडेकर उज्जैन द्वारा सरोद वादन, आस्था गोस्वामी वृंदावन द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। 09 जनवरी को भरत नायक ग्वालियर द्वारा सितार वादन, आमीर खान भोपाल एवं अन्य साथी द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर जीतकर अविराज परिहार ने भैरूंदा को दिलाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर के लिए गौरव का क्षण उस समय आया जब राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल, भैरूंदा में अध्ययनरत कक्षा 4 के होनहार छात्र अविराज परिहार ने राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर भैरूंदा का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।21 दिसंबर को WFSKO संस्था के तत्वावधान में 16वीं राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन सेंट जेवियर्स स्कूल, भोपाल में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच अविराज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम



किया।अविराज की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन और खेल जगत में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर नरेंद्र भाटी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार, प्रिंसिपल शिबू पिल्लई, शुभम स्कूल संचालक विजेंद्र शर्मा, वीणाचाल स्कूल से के.एल. पवार, रघुवीर पवार, सेंगर सर, सचिन सर, ईश्वर तोमर, सुनील पवार, सतीश लारा, सुमित शर्मा, शुभम सर, विशाल सर सहित खेल जगत से जुड़े अनेक सदस्यों ने अविराज को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अविराज के पिता अमित परिहार और कोच अमन सर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सपना है कि एक दिन अविराज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वे उसे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के मैदान से भी निरंतर जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

### कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई शिव महापुराण कथा



**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई, कलश यात्रा के पश्चात कथा का आरंभ की। इस मौके पर यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पहले दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने शिव महापुराण का महत्व बताया। कहा कि एक लोटा जल सभी समस्याओं का हल है। भगवान शिव का स्मरण के साथ ही कथा का श्रवण करना चाहिए। 1 बिल्वपत्र डालकर 1 लोटा जल रोजाना महादेव के ऊपर पंचाक्षर मंत्र का उच्चारण करके चढ़ाओ, सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। शिव की कृपा से जीवन और मृत्यु दोनों सुधारती है। कथा के पहले दिन शिवजी का अभिषेक किया गया। श्री शिवमहापुराण कथा सुनने का महत्व बताया गया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी जीवन में बच्चे सत्संग से दूर होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में संस्कारों को बनाए रखना समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने परिवारों से अपील की कि वे अपने सभी सदस्यों को सत्संग में लाने का प्रयास करें।

# सामुदायिक अस्पताल विवादों में घिरा: नर्सिंग ऑफिसर पल्लवी और जनप्रतिनिधि आए आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा अपने समर्थको के साथ अस्पताल में आकर नर्सिंग ऑफिसर कुमारी पल्लवी सुरभि के साथ जो दबिश देकर धमका कर मामूली विवाद को बड़ा रूप देकर विवाद को बढ़ा दिया। जिसके कारण नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। उसके समर्थन में अस्पताल में पदस्थ अन्य नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सक व समस्त स्टाफ़ नर्सिंग ऑफिसर के पक्ष में सामूहिक हड़ताल या सामूहिक त्यागपत्र देने की तय्यारी में है। उक्त घटनाक्रम अत्यंत पीड़ादायक है जिसकी वजह से जावर अस्पताल में आये दिन नेताओं का हंगामा होता रहता है। विजेंद्र ठाकुर नगर मंडल अध्यक्ष जावर, नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध व भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदगण मिल कर अस्पताल के समस्त चिकित्सक व कर्मचारियों को धमकाते रहते है। जिससे अस्पताल में कार्य करने वाले स्टाफ़ को असुरक्षा की भावना महसूस होती है, अगर अस्पताल में इन नेताओ की अनावश्यक घुसपैठ को नही रोका जाता तो वह दिन दूर नही जब अस्पताल के समस्त चिकित्सक व समस्त स्टाफ़ इस माहोल में कार्य करना बंद कर दे। जिसकी वजह से अस्पताल का पूरा स्टाफ़ सामूहिक हड़ताल या सामूहिक त्यागपत्र दे सकते है। डा दीपराज बागरी ने आरोप लगाया है कि नगर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य व कुछ पार्षदों द्वारा चिकित्सकों और कर्मचारियों पर वीआईपी ट्रीटमेंट करने का दबाव बनाया जाता रहा है। उनके समर्थन में अस्पताल में पदस्थ अन्य नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा हड़ताल या सामूहिक इस्तीफे पर भी विचार किया जा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी डॉ दीपराज बागरी का कहना है कि आए दिन भाजपा कार्यकर्ता हमें प्रताड़ित करते रहते हैं और हमारे स्टाप पर दबाव बनाते हैं। जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मुझे अध्यक्ष प्रतिनिधि से जानकारी लगी थी की जावर सामुदायिक अस्पताल मे मेरे बच्चे को इंजेक्शन नही लगा रहे तो मे वहा गया और समझाया गया की इंजेक्शन लगाना आपका कर्तव्य है। मेरे द्वारा और किसी भी कार्यकर्ता द्वारा कोई अपशब्द नही बोला है। मनोज वैद्य जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि मेरे बच्चे को कुत्ते ने स्क्रैच किया था तो 16 तारीख को सामुदायिक अस्पताल जावर पहुंचे और नर्सिंग ऑफिसर पल्लवी सुरभि द्वारा इंजेक्शन लगा रही थी तो मेने बच्चे को पकड़ रखा था। बच्चे को दर्द हो रहा था तो दर्द के कारण बच्चे के मुंह से अपशब्द निकल गये। लेकिन बच्चे ने किसी मैडम को गाली नही दी। हमारा बच्चा हमें गाली दे रहा है क्योंकि हमने इसको ताकत से पकड़ रखा है। जब दूसरा इंजेक्शन का डोज लगवाने गया तो हम आम नागरिक की तरह बैठे रहें। लेकिन किसी भी नर्स द्वारा इंजेक्शन नही लगाया गया। मेने अपनी पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्त्ता को अवगत कराया तो सभी हॉस्पिटल आये और बी एम ओ डॉ अमित माथुर भी आये लेकिन फिर भी इंजेक्शन नर्स द्वारा नही लगाया और फिर हमने प्राइवेट हॉस्पिटल जाकर इंजेक्शन लगवाया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं के व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्ता के नशे में चूर होकर अमर्यादित हो गए हैं। विगत दिनों शासकीय हॉस्पिटल जावर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा नर्सिंग स्टाफ एवं डॉक्टर के साथ बिना वजह विवाद किया गया एवं दबाव बनाकर डराने का प्रयास किया गया ।पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी के नेता इस तरह की घिनौनी हरकतें कर चुके हैं। जो सरासर निंदनीय है ।कांग्रेस पार्टी, भाजपा के नेताओं द्वारा किए गए कृत्य की घोर निंदा करती हैं एवं चेतावनी देती हैं की सत्ता एवं संगठन के नशे से दूर होकर जन भावनाओं का आदर करे। किसी भी अधिकारी , कर्मचारी, डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को दबाव बनाकर गलत काम करने के लिए बाध्य ना करें और ना ही उनके कार्य में व्यवधान डालें। भाजपा नेताओं के इस कृत्य से जावर क्षेत्र का नाम धूमिल हो रहा है। और अगर इसके बाद भी भाजपा नेताओं द्वारा दबाव बनाया गया तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को मजबूरन धरना आंदोलन एवं ज्ञापन देना पड़ेगा।

#### श्री सत्य साई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का आगाज

# पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर में चार दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी जी के संरक्षण में किया गया है जिसके प्रथम दिवस में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, मुख्य अतिथि एवं वक्ता अशोक राठौर सेवानिवृत्त शिक्षक एक्सीलेंस स्कल सीहोर व अजीम अंसारी लेक्चरार ग्लोबल इंस्टिट्यूट सीहोर, कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा,परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, डॉयरेक्टर डॉ मोहित गंगवार स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डा राजेंद्र सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से किया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ । कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा ने कहा राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन पर गणित के गहन प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। डॉ संजय राठौर ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को रामानुजन की तरह ही अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की प्रेरणा दी। वहीं वक्ता अशोक राठौर ने कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन से लेकर के हमारे जीवन के हर हिस्से तक जुड़ा हुआ है. आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति के पीछे गणित का अहम योगदान है। वक्ता अनीस अंसारी ने छात्रों को गणित तथा रामानुजन के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम के दौरान ही राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के आयोजन में क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रोफ़ेसर रंजित कुमार पूसे एवं डॉ गीता खूबचंदानी कार्यक्रम की संयोजिका एवं देवेंद्र पटले एवं अंकित जोशी कार्यक्रम के सहसंयोजक रहे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन देश दीपक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गणमान्य लोगों के साथ सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के मार्गदर्शन के लिए पोस्टर बनाना प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में तीन सो से अधिक छात्र उपस्थित रहे। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में गणित के विभिन्न विषयों पर परामर्श विशेषज्ञ बातचीत शामिल होगी। जो छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहयोग होगा।

# कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष चौधरी की उपस्थिति में निकली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार सुबह 8:00 बजे कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी नगर के बस स्टैंड पर पहुंचे। जहां स्थित पार्क में लगी तत्कालीन अजमेर राज्य के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी हरिभाऊ उपाध्याय की प्रतिमा की साफ सफाई कर जल से स्नान कराया गया। इसके पश्चात माल्यार्पण कर पार्क में साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस दौरान बस स्टैंड से हाथों में तिरंगा लिए एक प्रभात फेरी भी निकाली गई। प्रभात फेरी का बड़े हनुमान चौक में राष्ट्रगान व संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, अफजल मंसूरी, कांतिलाल यादव, विजय सिंह ठाकुर, मूलचंद उस्ताद, प्रकाश मंत्री, देवी सिंह लोधी, अनिल जायसवाल सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नियमित शिक्षक के साथ उसी विषय के अतिथि कर रहे साथ काम

# हाईकोर्ट डबल बेंच का आदेश भी नहीं मान रहे डीईओ!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

इसको राजनैतिक दबाव कहें या फिर कोई और मजबूरी कि महत्वपूर्ण पद पर होते हुए भी जिला शिक्षाअधिकारी राजगढ़ हाईकोर्ट इंदौर बेंच का आदेश मानने भी तैयार नहीं। मामला शुरू होता है खुजनेर जनशिक्षक के पद से बखेड उच्चपद प्रभार देने एवं ज्वाइन करने के लिए जिलाशिक्षाधिकारी द्वारा रिलीव न करने से । कन्याशाला खुजनेर में जनशिक्षक के पद पर अतीक मंसूरी पदस्थ थे विभाग ने 6 अगस्त 24 को उच्च पद प्रभार लेने के लिए उन्हें ग्राम बखेड भेजा परंतु बिडम्बना शिक्षा विभाग ने उन्हें खुजनेर से कार्यमुक्त नही किया। जबकि 13 मार्च 25 को जिलापंचायत सीईओ ने कार्यमुक्त के निर्देश दिए परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें फिर भी रिलीव नहीं किया। जिसके चलते शिक्षक मंसूरी ने उच्च न्यायालय इंदौर का दरबाजा खटखटाया और कोर्ट ने अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइन करने का आदेश दिया परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें ज्वाइन नहीं करने दिया। जबकि वहां पर दूसरे शिक्षकों का अटैंचमेंट कर रखा है और उसी विषय का अतिथि भी काम कर रहा है जो डीईओ की मनमानी को प्रदर्शित करता है।




### जिला शिक्षाधिकारी द्वारा की गई हाईकोर्ट की अवमानना

हाईकोर्ट में अतीक मंसूरी द्वारा दायर पिटिशन के जबाव में कोर्ट ने 21 अगस्त 25 को दिए गए अपने आदेश में अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइनिंग के आदेश दिए परंतु हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी आज तक मंसूरी को बखेड में ज्वाइन नहीं करवाया। ऐसे कौन से कारण है कि डीईओ करनसिंह भिलाला कोर्ट की अवमानना करने से भी नहीं डर रहे हैं।

शिक्षा विभाग लगातार घोटालों का पुलिंदा बनता जा रहा है खिलचीपुर के ठगी शिक्षक को अभी भूले नहीं है, वहीं बोडा स्कूल में प्राचार्य द्वारा 50 लाख की अनियमितता का मामला भी जग जाहिर है। ऐसे में एक शिक्षक को कोर्ट के आदेश के बाद भी ज्वाइन नहीं करने दिया जा रहा जबकि बखेड में बायोलॉजी विषय पर एक नियमित अटैचमेंट शिक्षक नरेंद्र कुशवाहा और एक अतिथि शिक्षक एक ही विषय पर कार्य कर रहे हैं जबकि नियम अनुसार अतिथि शिक्षक को हटाना चाहिए था। साथ ही जहां नरेंद्र कुशवाहा की पोस्टिंग है वहां पर भी एक अन्य अतिथि शिक्षक को नियुक्त कर कार्य लिया जा रहा है।

### नियम विरुद्ध कामों की हो रही अनदेखी

शिक्षा विभाग में लगातार नियमों की अनदेखी की जा रही है और अधिकारी चुप है। कन्या खुजनेर में पदस्थ शिक्षक नरेन्द्र कुशवाहा बायोलॉजी का बखेड़ अटैचमेंट कर दिया जबकि उनकी पर्यवेक्षक अवधि भी समाप्त नहीं हुंई थी। हैरत तब हुई की उनकी जगह पर एक अतिथि एकता आचार्य को ज्वाइन कराया। इसी प्रकार जिस विद्यालय में नरेंद्र कुशवाहा का अटैचमेंट किया गया है उस विद्यालय (बखेड) में भी जीव विज्ञान विषय पर एक अतिथि शिक्षक गोविंद शर्मा कर रहे हैं। इस प्रकार नियमित शिक्षक के होने पर भी दो-दो अतिथि शिक्षकों को रखकर वेतन आहरित किया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

जहां नियमित शिक्षक है वहां पर अतिथि शिक्षक की जरूरत ही नहीं यदि ऐसा है तो वहां के प्राचार्य ने मुझे अवगत नहीं करवाया होगा। मैं इसको दिखवाता हूं।

करनसिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ मप्र

# चिकित्सक के अटैचमेंट से बिगड़ी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

नगर की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुधरे इसका किसी भी जिम्मेदार ने भी सार्धक प्रयास किया ही नहीं है। माचलपुर स्वस्थ केंद्र में लंबे समय तक अपने आकाओं के दम पर नियम विरुद्ध अटैच रहे डाक्टर भरतलाल शाक्य का महिला चिकित्सक द्वारा यौन उत्पीडन के आरोपों के बाद स्थांतरण वा माचलपुर स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमरसीह धार्वे के स्थांतरण के बाद महिला चिकित्सक पायल पाटीदार ने स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं बखूबी संभाली थी । पर उनके द्वरा भी अपने संबंधों के दम पर अपना अटेचमेंट उज्जैन संभाग के आगर जिले के नलखेड़ा करवा लिया। जिसके बाद शायद माचलपुर स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं सुधरे और यहां के लोगो को समुचित उपचार मिले यह जिम्मेदारों ने सोचा ही नहीं है।

विचारणीय बात यह है की जब स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमर सिंह धार्वे का स्थांतरण हो गया था तो फिर यहां पर पदस्थ एक मात्र महिला चिकित्सक पायल पाटीदार का अटेचमेंट किस तरह और किसकी अनुशंसा पर हो गया और वो भी बिना जिम्मेदारों की सहमति के। जिले को ही नही संभाग को बदल कर अटैच कर दी गई। आगर जिले के नलखेड़ा अटैच महिला चिकित्सक का वेतन का आहरण आज भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र से हो रहा है और वो अपनी सेवाएं अन्य संभाग के जिले में दे रही है। लंबे समय बाद भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र बंध पत्र और संविदा चिकित्सकों के भरोसे धक्का लगाकर चलाया जा रहा है। जिनकी क्रमबद्ध तरीके से ड्यूटी लगाई गई है जो अपनी सेवाएं स्वास्थ केंद्र में प्रदान कर रहे हैं। इस स्वास्थ केंद्र में सौ से अधिक गांवों लगते है जो स्वास्थ सुविधाओ के लिए नगर के स्वास्थ केंद्र में आते हैं! पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस स्वास्थ केंद्र का उन्नयन करवाना तो दूर इस की व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे इस पर भी ध्यान नहीं दिया। स्वास्थ सुविधा ठीक से उपलब्ध ना होने से उन्हें झालावाड़ राजस्थान को जाना पड़ता है।

नगर के अधिकांश लोगों को आज भी यह पता नहीं है की यहां पदस्थ महिला चिकित्सक का अटेचमेंट हुआ है ना की स्थानांतरण। यह कहा का न्याय है यहां की जनता स्वास्थ सुविधाओ के लिए तरसे और यहां से वेतन का आहरण करने वाली चिकित्सक अन्य संभाग में अपनी सेवाए दे। इस बारे में बता करने पर स्वास्थ आयुक्त तरुण राठी से बात करने पर उनके द्वारा अटपटा जवाब देते हुवे कहा की आपको पता है ना की ऐसा क्यों हुआ जब उनसे यहां की बिगड़ती स्वास्थ व्यवस्था के बारे पूछा तो वह निरुत्तर नजर आए।

**इनका कहना है...**

मेरी बात हो गई है दो तीन दिन में अटैचमेंट खत्म करवा दूंगा।

हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर

## ब्यावरा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन, मंत्री पंवार हुए सम्मिलित



**ब्यावरा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सेवा, सुशासन और विकास के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्यावरा विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मऊ सुठालिया में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन में मंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला संयोजक निर्मल जैन, जिला महामंत्री ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सलरीयाखेड़ी,मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, राजू यादव, कल्याण गुर्जर, बलवान सिंह,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा मौजूद रहे।

## राजगढ़ में पासपोर्ट ऑफिस खुलवाने जिला सदर ने लिखा पत्र

**राजगढ़।** राजधानी भोपाल के उपरान्त प्रदेश के कईं अन्य जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर पासपोर्ट ऑफिस खोलने की मांग काफी अर्से से पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में अंजुमन इस्लाम कमेटी के जिला सदर अब्दुल अनीफ खान ने राजगढ़ कलेक्टर को एक पत्र लिखते हुए जिले में पासपोर्ट दफ्तर खुलवाने की मांग रखी है।

खान ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं। अगर जिले के किसी बाशिंदे को अपना पासपोर्ट बनवाना हो तो उसे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, गुना जैसे शहरों में जाना पड़ता है। अगर राजगढ़ में ही पासपोर्ट ऑफिस कार्यालय खुल जाए तो हजारों लोगों को खासी सहुलियत हो जाएगी। जिला सदर ने कलेक्टर ने मांग रखी है कि इस बारे में मप्र शासन को प्रस्ताव भिजवाया जाए ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### जिले को बाल-सगाई और बाल-विवाह मुक्त बनाने अनवरत जारी हैं प्रयास

# शिक्षा चाहिए, शादी नहीं, बच्चों ने बाल विवाह के खिलाफ उठाई आवाज



**राजगढ़।** सर, हमारे क्षेत्र में झगड़ा कुप्रथा इसलिए पनपती है क्योंकि बच्चों की छोटी उम्र में ही सगाई कर दी जाती है। बाद में रिश्ता टूटता है तो लाखों रुपए का झगड़ा देना पड़ता है। यदि झगड़ा नहीं दिया गया तो फसलें काट ली जाती हैं, आगजनी कर दी जाती है। यह गंभीर और चैंकाने वाली बातें सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सोमवार को आयोजित एक जागरुकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कही।

प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, किला अमरगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 13 से 15 गांवों से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए। कई बच्चों ने बताया कि उन्हें खुद यह तक पता नहीं था कि उनकी सगाई कर दी गई है। इस पर अहिंसा टीम ने बच्चों को बताया कि कानून के अनुसार लड़की की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होने से पहले न तो विवाह किया जा सकता है और न ही सगाई।

## किसानों के सम्मान में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




**कालापीपल।** कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर के राममंदिर चौराहे पर किसानों के सम्मान में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं कालापीपल से कांग्रेस के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। धरना प्रदर्शन में कुणाल चौधरी ने भाजपा सरकार पर तंज कसते कसा। चौधरी के नेत्रत्व में सभी उपस्थित जनों के साथ राम मंदिर चौराहे से पंचमुखी चौराहे तक हाथों में तख्ती लेकर रैली निकाली एवं तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषयों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गणित विषय के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि विषय को सही ढंग से समझकर निरंतर परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन एवं गणित में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए भारतीय वैज्ञानिकों की गौरवशाली परंपरा की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में गणित विषय की प्राध्यापिका श्रीमती सोनम करोड़िया ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन संघर्ष, शोध कार्य एवं गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को विस्तारपूर्वक समझाया, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिली। भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद वसीम शेख ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों में अधिक से अधिक रुचि लेने एवं अनुसंधान की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गणित विषय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### पीपल चौराहे से हटेगा अतिक्रमण, सीएमओ ने की कार्रवाई

# सब्जी की दुकानें होंगी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



सब्जी बाजार लगने के कारण पीपल चैराहा व राजगढ रोड पर अधिकतर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे यातायात बाधित होता है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने सोमवार को दोपहर में सब्जी विक्रेताओं पर कार्यवाही करते हुए उन्हें चैराहे से हटाया व उनका सामान जब्त किया। पीपल चैराहे के यातायात को सुलभ करने सीएमओ इकरार अहमद स्वयं अतिक्रमण हटाते दिखाई दिए। उन्होने कहा की हम जल्दी ही इन सब्जी मंडी बिक्रेताओं को पंचमुखी हुनमान मंदिर पर शिफ्ट करने वाले है जहां पर इनको कोई परेशान नहीं करेगा और शहर का यातायात भी ठीक हो जाएगा।

### सालों से नहीं सुधर पा रही यातायात व्यवस्था

शहर की यातायात व्यवस्था कई सालों से दुरूस्त करने के लिए सालों से प्रयास किए जा रहे है परंतु यह ठीक होने का नाम ही नहीं ले रहा । यहां पर राजनैतिक दबाव के चलते अतिक्रमण नहीं हट पाता है एक बार फिर सीएमओ इकरार अहमद ने प्रयास किए है देखते है यह प्रयास कितने सफल होंगे।

### संघ कार्यालय में हुई बैठक

# सारंगपुर में 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां हुईं तेज



**सारंगपुर।** नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नगर स्थित संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व तय किए गए। मंच व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात, अतिथियों के स्वागत, जलपान, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क एवं जनजागरण अभियान पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठजनों ने सम्मेलन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन से पूर्व पुनः समन्वय बैठकें आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से 18 जनवरी को आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान सर्व हिन्दू समाजजन मौजूद थे।

### संदिग्ध अपराधों की विवेचना के लिए सीहोर या विदिशा से बुलवाते हैं अफसर

# जिले में फोरेंसिंक जांच अधिकारी का पद 3 साल से रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे कि बलात्कार, संदिग्ध आत्महत्या, संदिग्ध हत्या और इसे जैसे अन्य गंभीर अपराधों की जांच के लिए फारेंसिंह जांच अधिकारी(एसएफएल) का पद ही बीते करीब 3 माह से रिक्त पड़ा हुआ है। गंभीर अपराधों की सूक्ष्मता से जांच एफएसफएल अधिकारी व टीम द्वारा ही की जाती है लेकिन उक्त पद रिक्त होने से जिले में गंभीरतम मामलों की जांच के अन्य अन्य जिलों के भरोसे रहना पड़ रहा है। करीब 3 वर्षों पूर्व पदस्थ एसएफएल अधिकारी श्री मिंज का तबादला अन्य जिले में होने के बाद पुलिस मुख्यालय से राजगढ़ जिले में किसी को नहीं भेजा गया। ऐसे में तभी से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। उक्त पद रिक्त होने से हत्या, मर्डर, लूट के मामलों में बारीकी से जांच करने के लिए सीहोर या विदिशा से टीम बुलवाई जाती है। जब तक यह टीम यह संदिग्ध मामले की जांच करने जिले में पहुंचती है तब तक संबंधित मृतक या पीड़ति परिवार को घंटों तक इंतेजार करना पड़ता है। साथ ही स्थानीय पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी भी तब तक मौके पर ही परेशान होते रहते हैं, जब तक एसएफएल की टीम विदिशा या सीहोर से नहीं आ पाती है।

## अनेक संदिग्ध मामलों में नहीं हो पाती सूक्ष्म जांच




संदिग्ध आत्महत्या, हत्या के प्रकरणों की जांच एफएफएल टीम द्वारा करना ही बेहतर होता है क्योंकि तभी सूक्ष्मता और बारीकी के साथ हर पहलू पर जांच हो पाती है। कभी-कभी आत्महत्या जैसे मामले सामान्य नहीं होते बल्कि उन्हें अपराधियों द्वारा कारित कर हत्या छिपाने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में जब तक एसएफएल की टीम जांच न करे तब तक सच्चाई सामने नहीं आ पाती। जिस अपराध को पुलिस सामान्य समझती रहती है, उसके अपराधी पुलिस की पहुंच से ही दूर हो जाया करते हैं।

### पीड़ित के साथ ही पुलिस भी परेशान

फारेंसिक टीम के सीहोर या विदिशा से राजगढ़ आने में ही काफी समय लग जाता है। ऐसे में संदिग्ध घटनाक्रम के मामलों में उक्त टीम जब तक नहीं आती है तब तक पीड़तों, मृतकों के परिजनों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी परेशान होती रहती है। क्या होती है फारेंसिक जांच विभिन्न तरह के अपराधों की वैज्ञानिक व अन्य तकनीकी पहलुओं के साथ सघनता से जांच करने घटना स्थल से मिले सबूतों जैसे डीएनएम, फिंगर प्रिंट, रक्त कण आदि को एकत्रित कर उन्हें प्रयोगशाला में भेजा जाता है। प्रयोगशाला जांच और न्यायालय में सटीक तथ्यों के आधार पर दोषियों को सजा मिल पाती है। इस फारेसिंह जांच में डीएनएम विश्लेषण, जहर विज्ञान, बैलिस्टिक्स जैसी कईं वैज्ञानिक शाखाएं शामिल होती हैं।

### पत्राचार किया है

हां, यह सही है कि जिले में फोरेंसिक जांच अधिकारी काफी अर्से से नहीं है। संदिग्ध घटनाक्रमों में हमें दूसरे जिलों से उन्हें बुलवाना पड़ता है। सेपरेट पदस्थापना के लिए हमने पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किए हुए हैं।

अमित तोलानी, पुलिस अधीक्षक

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 60 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर खिलाड़ी कर रहे प्रतिनिधित्व

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में राज्य स्तरीय, वेस्ट ज़ोन एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें बैडमिंटन में कुमारी अंशु प्रजापति शतरंज में कुमारी दीक्षा यादव ए कुश्ती में अनुज बैरागी, फुटबॉल में कुमारी वंदना वर्मा, हॉकी में कुमारी वैशाली नामदेव ,एथलेटिक्स में कुमारी नंदिनी वर्मा, वेटलिफ्टिंग में हर्षित सोनी बॉडीबिल्डिंग में खिलाडी वंश परमार शामिल हैं।

### दो साल में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने 5 हजार 400 करोड़ के विकास कार्य कराए

# विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का कार्य हम सब का अब तक हुआ विकास जनता को समर्पित: गोपालसिंह

**भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा भारत रत्न अटलजी के सपनों को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। धारासिंह पटेल, रायसिंह मेवाडा ने भी किया संबोधित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय गोकुल धाम गार्डन में भाजपा ने आष्टा विधानसभा स्तरीय विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ व अटल स्मृति पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, सोनू गुणवान, हेमकुंवर मेवाडा, राधेश्याम दलपति, मनोज वैद्य सभी आठो मंडलो के अध्यक्ष, व सभी मंचासीन सभी अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर के किया। विकास एवं सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अटल स्मृति पर्व को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आप सब देवतुल्य कार्यकर्ताओ के एवं मतदाताओं के आशीर्वाद से मप्र की डॉ मोहन यादव के सरकार के एवं आपके सेवक इस विधायक के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हुए है। दो वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में हमने 5 हजार 400 करोड़ के विकास के कार्य एवं हितग्राहियों को उनके खाते में योजनाओं के लाभ की राशि पहुचा कर इतिहास रचा है। में इस विकास को आप सभी को समर्पित करता हु क्योकि आप सब के आशीर्वाद से आपने मुझे विधायक बना कर आप सब की क्षेत्र की सेवा का अवसर प्रदान किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कराये विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया की दो वर्ष में शिक्षा,स्वास्थ,बिजली,पेयजल, महिला सम्मान, कृषि, महिला सशक्तिकरण, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री अधोसंरचना, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, रोजगार, स्वरोजगार, लोकनिर्माण, सेतु निगम सहित अन्य सभी विभागों से कार्यो को स्वीकृत करा कर एक विकास का आष्टा क्षेत्र में इतिहास लिखा है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की सभी योजनाओं और क्षेत्रों मे कुल लगभग 5,40,000 लाख अर्थात 5,400 करोड़ रुपये से अधिक के खर्च एवं विकास कार्य दो वर्षों में हुए है।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने दो वर्ष में अद्वितीय कार्य किए हैं। प्रदेश सरकार ने जिस प्रतिबद्धता के साथ गरीब, किसान, महिला और युवा केंद्रित योजनाओं को जमीन पर उतारा है, उसने प्रशासनिक संवेदनशीलता को नई पहचान दी है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में विकास की नई परिभाषा प्रस्तुत की है। भाजपा सरकार अपने कार्यों से संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता की प्रतीक बन चुकी है। भाजपा सीहोर जिले के अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अद्वितीय और अकल्पनीय विकास कार्य किए हैं, उसे जन-जन तक पहुंचाना है । मेवाडा ने कहा कि यह वर्ष देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का शताब्दी वर्ष है, जिसे पूरे मे सम्मान और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा अटल जी के जन्मदिन को लेकर अटल स्मृति दिवस भाजपा मना रही है । अटल जी ने नई पहचान देश को प्रदेश को दिलाई,हमे गर्व है कि वे मप्र के थे। उनका व्यक्तित्व कृतित्व हम सब के लिये प्रेरणादायी है। आज भी कानो में वो नारा गूंजता है जिसे हम लगाते थे। अटलबिहारी बोल रहा है इंदिरा शासन डोल रहा है,अटल जी भाजपा के भीष्म पिता थे। जन्म जयंती बूथ स्तर तक मनाना है । आज अटल जी के सपनों को नरेन्द्र मोदी जी की सरकार साकार कर रही है। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर के उन्होंने देश और विदेश को बता दिया था की वे ना डरते है और ना ही झुकते है ओर ना ही किसी के दबाब में काम करते है। उन्होंने कहा था। अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा।

जो सत्य साबित हुआ है। मप्र में जो कार्य,योजनाएं शिवराजसिंह जी चौहान ने शुरू की उनेह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगे बढ़ा रहे है । नरेश मेवाडा ने कहा कि हमने राम मंदिर निर्माण,370 हटाने, समान नागरिक संहिता लागु करेंगे का जो वादा किया उसे पूरा किया है। सम्मेलन को जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,नपा आष्टा के अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने भी संबोधित करते हुए संगठन एवं नपा आष्टा द्वारा कराये गये विकास के कार्यो की विस्तार से जानकारी दी,एवं आगामी विकास की शुरू होने वाली योजनाओं,कार्यो से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आतिशबाजी चला कर दो साल बेमिसाल की खुशी मनाई। भाजपा के नगर मंडल के सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओ का दुपट्टे पहना कर स्वागत सम्मान किया। स्वागत भाषण नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ने दिया एवं कार्यक्रम का संचालन सुशील संचेती ने व आभार महामंत्री धनरुपमल जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेकों समाजों,संगठनों ने विधायक,जिला अध्यक्ष एवं नपा अध्यक्ष का सम्मान किया। आज भाजपा ने कई वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक दर्शना दोहरे एवं जतिन कछवानी का संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय के नेतृत्व में वर्ष में एकमात्र आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता हेतु चयन हुआ है वर्तमान वर्ष में यह पानीपत हरियाणा में दिनांक 25 से 31 दिसंबर 2025 को आयोजित होगा। संस्था को गौरांवित करने वाले हर्ष के अवसर पर रासेयो के दोनों स्वयंसेवकों को जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर और डीपीसी आरआर उइके , जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन , जिला स्काउट सचिव संतोष सोनी डॉक्टर राजेंद्र देशमुख, डॉक्टर देवेंद्र साहू,ए पी सी संजय सिंह जादौन, जिला इको क्लब अधिकारी अंकुर शर्मा, जिला इको क्लब मास्टर ट्रेनर माधव सिंह यादव, रामवृक्ष भारतद्वाज, कार्तिक राय, जितेंद्र परमार, एल एन आहूजा सर, जय किशन जोशी एवं कोरचे सर, ने अग्रिम बधाई देकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मां बंजारी धाम से शुरू हुई 500 किमी की आस्था यात्रा, 1 जनवरी को पहुंचेगी सांवरिया सेठ दरबार


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार 22 दिसंबर को सृजन कॉन्वेंट स्कूल आष्टा एवं कन्नौद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 11वीं सांवरिया सेठ पदयात्रा का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। यह पदयात्रा राजस्थान स्थित भगवान सांवरिया सेठ के पावन धाम के लिए प्रारंभ की गई। पदयात्रा का शुभारंभ श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज, अयोध्या के दिव्य आशीर्वाद से शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ बंजारी धाम से हुआ। "जय सांवरिया सेठ" के गगनभेदी जयकारों, भजन-कीर्तन और श्रद्धा के वातावरण में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पदयात्रा का प्रथम चरण आरंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएँ एवं श्रद्धालु अनुशासन, सेवा भाव एवं समर्पण के साथ सहभागी बने। लगभग 500 किलोमीटर की यह ऐतिहासिक पदयात्रा चरणबद्ध रूप से सम्पन्न होगी, जो आगामी 1 जनवरी को भगवान सांवरिया सेठ के पावन दरबार में पहुँचेगी। यह यात्रा आस्था, संयम और दृढ़ संकल्प का सजीव उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। पदयात्रियों का स्वागत सांदीपनी स्कूल के सामने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ,समाजसेवी आनंद रांका, जितेंद्र जैन (जेके), नरेंद्र गंगवाल द्वारा किया गया। इस दौरान संत बालकदास जी महाराज, सृजन कॉन्वेंट के प्रमुख रामनरेश यादव, महेंद्र सिंह मालवीय सहित सभी 55 पदयात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में सनातन संस्कारों का बीजारोपण गुरुकुल परंपरा से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। सृजन कॉन्वेंट के प्रमुख रामनरेश यादव वर्षों से भारतीय संस्कृति के अनुरूप आधुनिक शिक्षा प्रदान कर शिक्षा जगत में अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है।

## धनंजय जाट बने प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव ने सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय जाट महासभा युवा प्रदेश सचिव धनंजय जाट की सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, महिला प्रदेश अध्यक्ष अयोध्या जी गोदारा द्वारा धनंजय जाट को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।

अखिल भारतीय जाट महासभा समाज का एक ऐसा सक्रिय संगठन है जो लगातार सामाजिक गतिविधियों एवं सामाजिक कार्य में अपनी उपस्थिति से लेकर समाज के हर छोटे से बड़े सामाजिक मुद्दों पर अपनी अहम भूमिका निभाने वाला संगठन है, इस संगठन से देश प्रदेश सहित अन्य देश से भी जाट समाज के लोग जुड़कर समाज में अपनी सेवा दे रहे हैं। संगठन का अर्थ मिले दायित्व को ज़िम्मेदारी न समझकर सामूहिक रूप से एक साथ मिलकर काम करना। इसी उद्देश्य से संगठन को और मजबूती प्रदान करने हेतु संगठन में देशभर से समाज के युवाओं को जोड़ा जा रहा है, इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में संगठन को और मजबूती देने एवं संगठन का विस्तार करने हेतु अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, प्रदेश अध्यक्ष विलासजी पटेल एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष अयोध्या गोदारा की अनुशंसा पर युवा प्रदेश सचिव का दायित्व निभा रहे धनंजय जाट की सक्रियता एवं मेहनत को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोंर ने बीते महा जब धनंजय जाट के निवास पहुंचे थे तो उन्होंने कहा था कि तुम बहुत अच्छा काम कर रहे हो, बहुत कम समय में तुमने बहुत अच्छा नाम किया है, समाज के साथ ही अन्य समाज एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में भी एक अलग पहचान स्थापित की है, आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहो एवं समाज में युवा प्रदेश सचिव का दायित्व भी बहुत अच्छे से निभा रहे हो जल्द ही तुम्हें बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है, इस पर धनंजय जाट ने कहां की यहां तो मेरे लिए सौभाग्य की बात है आपके एवं प्रदेश अध्यक्ष भाई साहब विलास पटेल जी के माध्यम से अखिल भारतीय जाट महासभा से जुड़कर समाज हित में कार्य करने का अवसर मिला। मैं आगे भी भाई साहब विलास पटेल जी एवं आपके मार्गदर्शन से अखिल भारतीय जाट महासभा से जुड़ा रहकर समाज हित के कार्य करता रहूंगा।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा जिला सीहोर की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा विकासखण्ड अन्तर्गत हॉयरसेकेंड्री विद्यालयों में जाकर महाविद्यालय के बारे में बताया जाना है।

इस हेतु 23 दिसंबर को कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी अनिमेश पटेल, भास्कर परमार एवं शीला मेवाड़ा के नृतत्व में शासकीय हायरसेकेण्ड्री खड़ी हाट एवं कुरावर स्कूल में जाकर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020, संचालित पाठ्यक्रमों, विद्यार्थियों को मिलने वाली एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स, लाइब्रेरी व प्राप्त होने समस्त छात्रवृत्तियों के बारे में बताया। इस अवसर पर कमलसिंह मालवीय खड़ी, प्राचार्य, अनिल सिलोरिया, नारायण सिंह बकोरिया, माखनसिंह ठाकुर, डॉ.ललिता राय श्रीवास्तव, जगदीश नागेल, बनेसिंह मेवाड़ा एवं राहुल प्रजापति उपस्थित रहें।

### कोहरे की चादर में लिपटा शहर, 20 मीटर रह गई विजिबिलिटी

# कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



**5 दिनों का तापमान**

- 19 दिसंबर : 5 .5 डिग्री सेल्सियस
- 20 दिसंबर : 5 .8 डिग्री सेल्सियस
- 21 दिसंबर : 5 .0 डिग्री सेल्सियस
- 22 दिसंबर : 5 .8 डिग्री सेल्सियस
- 23 दिसंबर : 7 .5 डिग्री सेल्सियस

जिले में मंगलवार की सुबह इस सीजन के सबसे घने कोहरे के साथ हुई। आलम यह था कि विजिबिलिटी घटकर महज 20 मीटर रह गई, जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड का असर बना हुआ है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।कोहरे का सबसे ज्यादा असर ट्रेनों की रफ्तार पर पड़ा है। वैष्णोदेवी से इंदौर के बीच चलने वाली श्रद्धालुओं की प्रमुख ट्रेन मालवा एक्सप्रेस कोहरे के कारण बुरी तरह पिछड़ गई। सुबह 8.38 बजे सीहोर पहुंचने वाली यह ट्रेन लगभग 5 घंटे की देरी से दोपहर 1.16 बजे भोपाल से चलकर सीहोर पहुंची। मालवा एक्सप्रेस के अलावा भोपाल की ओर से आने वाली अन्य ट्रेनें भी कोहरे के कारण रुक-रुक कर चलीं और अपने निर्धारित समय से विलंब से स्टेशन पहुंचीं। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण यात्रियों को कड़ाके की ठंड के बीच घंटों प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा।अगले कुछ दिना छाएगा कोहराशासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा और ठंड बरकरार रहेगी। डॉ. तोमर के अनुसार बीते 10 साल के मौसम के रुझान बताते हैं कि दिसंबर में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तरी हवाएं दिन और रात के तापमान में गिरावट लाती हैं। इस बार जनवरी में ठंड बीते कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है और तेज शीतलहर के साथ मावठा गिरने की भी संभावना है।

## रहवासियों का आरोप इंदिरा नगर वार्ड 2 टप्पर मोहल्ला के 80 घरों को कर दिया अवैध घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नागरिकता और अपने मोहल्ले के अस्तित्व को लेकर हैरान परेशान टप्पर मोहल्ला के नागरिकों ने समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष इंदिरा भील के साथ मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी विभिन्न परेशानियों से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया है। नागरिकों ने समस्याओं के निराकरण कराने की मांग की है। मांग पूरी नहीं हुई तो नागरिक चक्का जाम और आंदोलन भूख हड़ताल करेंगे मामला यह है कि टप्पर मोहल्ला क्षेत्र के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से बुरी तरह महरूम हो गए है। नगर पालिका परिषद यह रहने वाले नागरिकों को अपना नहीं मान नही है। इछावर विधानसभा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत भी टप्पर मोहल्ला क्षेत्र को अपना मानने से इंकार कर चुकी है। नगर पालिका और विधानसभा चुनाव के बाद इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 2 टप्पर मोहल्ला के 80 घरों को अवैध घोषित कर दिया गया है। मोहल्ले के सभी लोग मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पौषण करते है। जबकी यह के नागरिकों को पहले नगर पालिका परिषद प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना जैसी अनेक सरकारी योजनाओं को लाभ दे चुकी है। यह के नागरिकों का कहना है कि हमारा मोहल्ला कस्बा क्षेत्र के गोया भूमि के रूप में राजस्व विभाग में दर्ज है और इंदिरा नगर के पार्षद ने हमारे मोहल्ले के ठीक सामने रोड के उस पार बीएसआई की जमीन पर कॉलोनी काट दी है और हमारे मोहल्लों को मिलने वाली सभी सुविधाऐं इस कॉलोनी को दी जा रही है और पार्षद ने ही हमारे मोहल्लने को अवैध घोषित कर दिया है। टप्पर मोहल्ले के हालात ऐसे है कि ना तो यह सीसी सड़के है न पीने के पानी की कोई सुविधा है बिजली कटौती भी बनी रहती है। स्ट्रीट लाइटे हमेशा बंद रहती है। नालियां भी नहीं है जिस कारण घरों का पानी कच्ची सड़कों पर ही बहता है। बारिश में परेशानी और भी बढ़ जाती है दिव्यांगों का चलना काफी मुशिकल हो जाता है। क्षेत्र में नगर पालिका की कचरा गाड़ी नहीं आती है।